न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट वजीरपुर
जिला सवाई माधोपुर

पीठासीन अधिकारी— सुधारानी मीना, आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू	तारीख निर्णय
22/2020	13.02.2020	06-11-2025

सीताराम पुत्र घूडमल, खारवाल निवासी रामसिंहपुरा तह0 वजीरपुर

——प्रार्थी

बनाम

लैण्ड होल्डर जरिए तहसीलदार तहसील वजीरपुर ——अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट

उपस्थित :— श्री रामदयाल त्रिवेदी, एडवोकट, प्रार्थी की ओर से

निर्णय

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट इस आशय का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि खाता संख्या 95, 61, 60, 101 ग्राम रामसिंहपुरा तह0 वजीरपुर मे स्थित है। जिसमे मुताबिक जमाबंदी प्रार्थी सहखातेदार है। खाता संख्या 95, 61, 60 मे प्रार्थी का नाम सीताराम पुत्र घूडया दर्ज कर रखा है जबकि प्रार्थी का सही नाम सीताराम पुत्र घूडमल है। इस प्रकार राजस्व रिकार्ड मे प्रार्थी के पिता का नाम घूडमल है लेकिन राजस्व रिकार्ड मे घूडया दर्ज कर रखा है जो सही करने योग्य है। खाता संख्या 101 ग्राम रामसिंहपुरा मे प्रार्थी के पिता का सही नाम सीताराम पुत्र घूडमल दर्ज कर रखा है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि खाता संख्या 60, 61, 95 ग्राम रामसिंहपुरा मे सीताराम पुत्र घूडमल दर्ज करने के आदेश तहसीलदार वजीरपुर को प्रदान किये जावें।

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थी ने फोटोकोपी नकल जमाबंदी संवत 2073—76 खाता संख्या 95, 60, 61, 101 ग्राम रामसिंहपुरा, फोटोकॉपी मृत्यु प्रमाण पत्र लड्डो प्रस्तुत किये है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्राथी को तलब किया गया एवं तहसीलदार वजीरपुर से रिपोर्ट चाही गई।

अप्रार्थी तहसीलदार वजीरपुर की ओर से उनके पत्र क्रमांक भू0अ0/2019/371 दिनांक 22.6.2020 के साथ रिपोर्ट प्राप्त हुई है। साथ ही पटवारी द्वारा प्रस्तुत मूल फर्द मौका रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

वकील प्रार्थी को सुना गया।

प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र के अनुसार [illegible] के पिता का नाम सीताराम पुत्र घूडया के स्थान पर सीताराम पुत्र घूडमल दर्ज करने का निवेदन किया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.01.19 16:36:05 IST
Reason: SelfAttested

बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया। लैण्ड होल्डर तहसीलदार वजीरपुर की रिपोर्ट मे तहसीलदार द्वारा प्रार्थी का नाम सीताराम पुत्र घूडया के स्थान पर सीताराम पुत्र घूडमल दुरूस्त करने की अनुशंषा की है तथा जमावंदी संवत 2073–76 के खाता संख्या 101 मे सीताराम पुत्र घूडमल दर्ज है जो प्रार्थी का सही नाम है। इस प्रकार प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत अभिलेख व तहसीलदार वजीरपुर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट स्वीकार किए जाने योग्य है।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम रामसिंहपुरा की जमाबंदी सं0 2073 से 2076 के खाता संख्या 95, 60, 91 मे दर्ज नाम सीताराम पुत्र घूडया के स्थान पर सीताराम पुत्र घूडमल दर्ज करने का एवं इसी अनुसार राजस्व अभिलेख में शुद्धि करने का आदेश दिया जाता है। इन खाते में दर्ज अन्य प्रविष्टियां यथावत रहेंगी।

निर्णय की पालना हेतु निर्णय की सत्य–प्रतिलिपि तहसीलदार वजीरपुर को भिजवाई जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं वाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 6-11-2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सुधारानी मीना)
उप जिला कलक्टर
वजीरपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.01.19 16:36:05 IST
Reason: SelfAttested